Girl Workers in Match Factories in Sivakasi of TamH Nadu

4365. SHRI RAM NATH KOVIND: Will the Minister of LABOUR be pleased to state:

(a) wheiJier it is a fact that 90% of workers employed in match factories in Sivakasi in Tamil Nadu are girls;

(b) whether girls are employed in these factories inspite of legislative enactment prohibiting such employment;

(c) if so, the details of enactments which prohibits such employment; and

(d) the reasons for which such Acts have not been enforced?

THE MINISTER OF LABOUR(DR. SATYANARAYAN JATIYA): (a) to (d) Information is being collected and will be laid on the Table of the House.

उपभोक्ता मुख्य सूचकांक

4366. **श्री बलवंत सिंह रामूवालिया**: क्या श्रम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि देश में उपभेक्ता मूल्य सूचकांक की दर 10.5 प्रतिशत से अधिक हो चुकी है;

(ख) यदि नहीं, तो इस संबंध में सरकार की क्या जानकारी है;

(ग) क्या सरकार ने इस वृद्धि के कारणों का पता लगाया है; और

(घ) यदि हां, तो वे कारण कौन-कौन से हैं तथा निर्माण वस्तुएं और आवश्यक उपभेक्ता वस्तुएं, ईधन आदि उपबेक्ता मूल्य सूचकांक में वृद्धि के लिए कहां तक जिम्मेदार हैं?

श्रम मंत्री (डा. सत्यनारायण जटिया): (क) और (ख) औद्योगिक कर्मकारों से संबंधित उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित बिन्दु आधार पर मुद्रास्फीति की दर मई, 1998, में बढ़कर 10.54 प्रतिशत हो गई है।

(घ) और (घ) मई माह 1998 के लिए आधार 1982-100 पर औद्योगिक कर्मकारों के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक 6.147 अंक (पूर्णांक 6) बढ़ गया और 389 पर ठहर गया। अखिल भारतीय सामान्य सूचकांक की इस वृद्धि में खाद्य समूह का सबसे बड़ा हिस्सा है। जो कि 96 प्रतिशत है और शेष 4 प्रतिशत "ईधन और प्रकाश" और "प्रकीर्ण समूहों" का हिस्सा है जो कि प्रत्येक के लिए 2 प्रतिशत है। खाद्य समूह का प्रभाव मुख्यतः शाक सब्जी और फलों की कीमतों में सामान्य वृद्धि और उसके बाद अन्य खाद्य उप-समूहों के कारण है जो कि मुख्यतः स्नैक साल्टिस, चीनी, चायपत्ती और तैयार चाय की कीमतों में वृद्धि के कारण है। तेल और बसा उप-समूह का प्रभाव मूंगफली के तेल सरसों के तेल और वनस्पति की कीमतों में वृद्धि के कारण हैं। दुग्ध और दुग्ध उत्पाद उप-समूह का प्रभाव दुध और उससे बनने वाले उत्पादों की कीमतों में बृद्धि के कारण हैं। गोश्त, सछली और अंडा उप-समूह का प्रबाव मुख्यतः देश के तटीय और आस-पास के क्षेत्रों में ताजी मछलियों की कीमतों में वृद्धि के कारण हैं। अन्न और अन्न उत्पादों के उप-समूह का प्रभाव मुख्यतः चावल और ज्वार की कीमतों में वृद्धि के कारण हैं जिसकी कीमतों में गेहूं और गेहूं के आटे की कीमतों में कमी आने से काफी हद तक नियंत्रण रहा। कोन्डीमेन्ट और मसाला उप-समूहों का प्रबाव मिर्ची (हरी) की कीमत में वृद्धि के कारण हैं जो कि कुछ हद तक मिर्ची (सूखी) की कीमत में कमी आने के कारण सीमित रहा। इसी तरह से उत्तरी, पूर्वी और पश्चिमी भारत के राज्यों में प्याज की कीमत में कमी का प्रबाव काफी हद तक देश के दक्षिणीराज्यों में इसकी कीमत में हुई वृद्धि के कारण रोक लिया गया। अखिल भारत सामान्य सूचकांक के अन्य समूह अधिकांशतः अप्रभावित है। ईधन और कीमतों में वृद्धि के कारण कम प्रबाव रहा है प्रकौर्ण समूह का प्रभाव कुछ केन्द्रों में दवाइयों, डाक्टर सेवाओं, सिलाई प्रभारी, केश तेलों, प्रसाधन साबुन और नाई प्रभारों में हुई वृद्धि के कारण रहा।

श्रम ब्यूरो, शिमला में दैनिक वेतन पाने वाले कर्मचारी

4367. **श्री गोविन्द राम मिरी**: क्या श्रम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि उनके मंत्रालय के अधीन श्रम ब्यूरो, शिमला में कई कर्मचारी पिछले 8-10 वर्षों से दैनिक वेतन पर कार्य कर रहे हैं;

(ख) इस समय इस ब्यूरो, में कितने कर्मचारी दैनिक वेतन पर कार्य कर रहे हैं;

(ग) क्या सरकार इन कर्मचारियों को विरस्ठता क्रम में नियमित करने का विचार रखती है; और

(घ) यदि हां, तो कब तक और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

श्रम मंत्री (डा. सत्यनारायण जटिया): (क) तथा (ख) श्रम ब्यूरो, शिमला में कोई अनियत कामगार दैनिक मजदूरी आधार पर कार्यरत नहीं है, लेकिन 12 व्यक्ति अंशकालिक कामगार के रुप में काम कर रहे हैं। जिन्हें